वीयू–उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE) की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तथा उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण द्वारा वित्त पोषित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में पधारे ए.आई.एस.एच.ई. के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. सुनील सिंह ने इस कार्यशाला को संबोधित किया तथा इसमें उन्होंने इस सर्वेक्षण के उद्देश्य को बताया। देश में उच्च शिक्षा की स्थिति को चित्रित करना। सर्वेक्षण में, देश में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले सभी संस्थानों को शामिल किया गया है। तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों को बधाई प्रेषित की सभी ने कुलपति महोदय के आदेश का पालन करते हुए भारत सरकार के इस सर्वेक्षण कार्य में संपूर्ण योगदान दिया तथा खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा के सर्वेक्षण में अन्य राज्यों की अपेक्षा रेटिंग में संपूर्ण भारत में शीर्ष स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता पशुपालन महाविद्यालय डॉ. राजेश शर्मा ने भी सभी को बधाई दी तथा आश्वासन दिया की इसी प्रकार विश्वविद्यालय अपने काम समय पर पूर्ण करता रहेगा। विवि के नोडल अधिकारी डॉ. सुदिप्ता घोष ने कार्यक्रम की शुरुआत में इस कार्यशाला की जानकारी साझा की। इस एकदिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. एस.एस. तोमर, संचालक विस्तार एवं शिक्षक डॉ. सुनील नायक, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, संचालक डिप्लोमा डॉ. बी. रॉय, संचालक बायोटेक्नोलॉजी डॉ. ऐ.के. सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. असित जैन, तथा विश्वविद्यालय के संबंध जबलपुर, महू, रीवा तथा फिशरी महाविद्यालय के इस कार्य को देख रहे प्राध्यापक तथा समस्त डिप्लोमा कॉलेज के प्राध्यापक इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं आभार ज्ञापन डॉ. अक्षय गर्ग द्वारा प्रेषित किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर